हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
**रोहतक,** बुधवार 4 फरवरी 2026

11 एकाग्रता और इम्यूनिटी को बढ़ता सूर्य नमस्कार...



12 हड़ताल को लेकर सर्व कर्मचारी संघ और सीटू ...



**खबर संक्षेप**

### लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी आज सौंपेगी ज्ञापन

**भिवानी।** यूजीसी बिल के समर्थन को लेकर लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी द्वारा 4 फरवरी बुधवार को नेहरू पार्क भिवानी में इकट्ठा होकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस अवसर पर पार्टी के सुप्रीमो चौधरी राजकुमार सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान चौधरी राजकुमार सैनी यूजीसी बिल के महत्व और इसके माध्यम से उच्च शिक्षा व्यवस्था में होने वाले सुधारों पर अपने विचार व्यक्त करेंगे।

### तोशाम में महिलाओं का स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**तोशाम।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मण्डल के तत्वावधान में तोशाम के जैन श्वेतांबर तेरापंथ महिला मण्डल द्वारा 4 फरवरी बुधवार को तोशाम के मेन चौक में स्थित जैन श्वेतांबर तेरापंथ भवन में महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में महिलाओं की गर्भाशय (सर्वाइकल) कैंसर की जाँच पूर्णतः निःशुल्क की जाएगी। महिला मंडल की सदस्य नैंसी जैन एवं ज्योति जैन ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस के मौके पर महिलाओं के हित में आरोग्यम जागरूकता की लो जगाएंगे।

# सड़कों पर उतरे सरपंच, बदलाव नहीं हुआ तो चलाएंगे आंदोलन

## आबादी का 40 फीसदी ग्राम सभा में बुलाने को लेकर तकरार

**यह है नियम**

विशेष बैठक में 40, दूसरी बार होने वाली बैठक में 30 तथा तीसरी बार होने वाली बैठक में 20 फीसदी लोगों का ग्राम सभा की विशेष बैठक में शामिल होना लाजिमी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मंगलवार को सरपंच एसोसिएशन के बैनर तले सरपंचों ने विशेष ग्राम सभा की बैठक में गांव की आबादी के 40 फीसदी लोगों को बुलाए जाने की शर्त के विरोध में शहर में जुलूस निकाला। सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। बाद में उपायुक्त की अनुपस्थित में अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल कारवा के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। इस दौरान सरपंचों ने नियमों में ढिलाई दिलाए जाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो वे राज्य स्तर पर एसोसिएशन के सदस्यों की बैठक बुलाकर आगामी आंदोलन की रणनीति तय करेंगे। सरपंच एसोसिएशन का कहना है कि चालीस फीसदी की शर्त को तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए।



**भिवानी।** ग्राम सभा की बैठक के लिए नई शर्तों का विरोध जताते विभिन्न गांवों के सरपंच। फोटो : हरिभूमि

### डीसी को देंगे सूचना

प्रदर्शनकारी सरपंचों ने अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबूलाल कारवा के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि सरपंचों ने एक मांगपत्र सौंपा है। वे उस मांगपत्र सीएम कार्यालय में आज ही प्रेषित कर देंगे। साथ ही जिला उपायुक्त को भी सूचना दी जाएगी।

### अधिकारी ग्राम सभा की मीटिंग बुलाकर देखें

सरपंच एसोसिएशन के प्रधान गांव कालूवास के सरपंच आशीष ने बताया कि जिस वक्त वोटिंग होती है। उस वक्त सभी कर्मचारियों की छुट्टी होती है। उसके बाद भी मतदान 70 फीसदी से उपर नहीं जा सकती। अब ग्राम सभा की बैठक में 40 फीसदी की शर्त लगाई है। वह कैसे पूरी हो सकती है। क्योंकि युवा रोजगार के लिए बाहर गए होते हैं। बुजुर्ग व बीमार बैठक में जा नहीं सकते। ऐसे में किस तरह से आबादी के चालीस फीसदी लोगों को बुलाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि पूरे हरियाणा की ग्राम पंचायतों में से किसी भी एक गांव में जाकर अधिकारी ग्राम सभा में पहुंचने की मुनादि करवा दें। उस मुनादि के बाद जितने लोग ग्राम सभा की मीटिंग में पहुंचते है। उसी रेसों से लोगों के बुलाने का नियम तय हो। अभी तक ये सब नियम कागजों में है। कोई भी अधिकारी धरातल पर आकर देखे और उसी हिसाब से नियम बनवाए। उक्त बैठक में ही गांव के विकास का खाका खींचा जाता है।

### पंचायत बड़ी मुश्किल से पूरी कर पाती थी दस फीसदी की शर्त

प्रदर्शन कर रहे सरपंचों ने बताया कि नए नियमों के तहत ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इन निर्देशों के अनुसार विशेष बैठक में 40 फीसदी, दूसरी बार होने वाली बैठक में 30 तथा तीसरी बार होने वाली बैठक में 20 फीसदी लोगों का शामिल होना लाजिमी है। अब से पहले साल भर में एक बार ग्राम सभा की विशेष बैठक बुलाई जाती थी। जिसमें आबादी के दस प्रतिशत ही लोगों को बुलाया जाता था। दस फीसदी की शर्त भी पंचायत बड़ी मुश्किल से पूरी कर पाती थी।

### इतने आदमी बैठाने के लिए लगाना पड़ेगा टैंट

सरपंचों का तर्क था कि ग्राम सभा की विशेष बैठक में आबादी के 40 फीसदी लोग बैठाने के लिए कहीं पर भी जगह नहीं है। अगर 40 फीसदी लोग आ भी जाएं तो उन्हें बैठाने के लिए सरपंच द्वारा टैंट लगवाना पड़ेगा। इसका खर्चा कौन वहन करेगा। सरकार की तरफ से इसमें कोई सहायता या आर्थिक मदद का प्रावधान नहीं है। अगर मुनादि करवा कर लोगों को ग्राम सभा की बैठक में पहुंचने का न्योता भी दिया जाए तो ग्रामीण आने के इच्छुक नहीं होते। वे खेतों का काम बताकर इस तरह की बैठकों में आने से पीछे रहते है।

### सौंपा ज्ञापन

एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश के हर जिले में इन शर्तों के विरोध में उपायुक्त के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा गया है। अगर इसके बाद भी सरकार ने नियमों में कोई बदलाव नहीं किया तो प्रदेश स्तर पंचायत एसो. के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई जाएगी। उस बैठक में आगामी रणनीति तय की जाएगी।



**भिवानी।** अवैध कॉलोनी में निर्माण ढहाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

# नगर निगम ने भिवानी-महम रोड पर तोड़े अवैध निर्माण

■ लगभग छह एकड़ में फैली अवैध कॉलोनी से चार डीपीसी, 1600 आरएमटी, कच्चे रोड नेटवर्क को तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

नगर योजनाकार विभाग द्वारा उपायुक्त साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार मौजा कालुवास में अवैध निर्माण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग ने मौजा मौजा कालुवास में भिवानी-महम रोड़ पर छह एकड़ में फैली एक कॉलोनी से अवैध निर्माण को हटाया।

जिला नगर योजनाकार अधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि मौजा मौजा कालुवास में भिवानी-महम रोड पर नजदीक केरियर प्लानेट स्कूल के पास लगभग छह एकड़ में फैली एक अवैध कॉलोनी से चार डीपीसी, लगभग 1600 आरएमटी, कच्चे रोड़ नेटवर्क व डिमार्केशन को तोड़ा गया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अवैध निर्माण की जानकारी जुटाई जा रही है और इसको हटाने का यह अभियान जारी रहेगा। इस दौरान लोगों को इस बारे जागरूक किया गया कि वे जिला में सरकारी जमीन पर कहीं भी, नियंत्रित क्षेत्र एवं अनुसूचित सडक़ों की हरित पट्टी व अनाधिकृत कॉलोनी में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न करें।

# पीजीआई चंडीगढ़ में नर्सिंग ऑफिसर बनी भारती प्रजापति को किया सम्मानित



भिवानी। पीजीआई चंडीगढ़ में नर्सिंग ऑफिसर बनी भारती प्रजापति।


**भिवानी।** वैश्य मॉडल स्कूल में साधारण छात्रा के रूप में शिक्षा ग्रहण करने वाली भारती को वार्षिक उत्सव में सम्मानित किया। वार्षिकोत्सव के दौरान भारती प्रजापति को उनकी अभूतपूर्व उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मान मिला। कार्यक्रम में विधायक घनश्याम दास सर्राफ, सुरेश गुप्ता, बृजलाल सर्राफ व प्राचार्या कमला ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। छह साल पहले स्कूल से विदा लेने वाली भारती को सफल चिकित्सा अधिकारी के रूप में देख पूरा स्कूल परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। हनुमान गेट स्थित मुक्ति धाम रोड की रहने वाली भारती ने वर्ष 2025 में बीएससी ऑनर्स नर्सिंग की डिग्री हासिल की। वर्तमान में वह पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में गवर्नमेंट नर्सिंग ऑफिसर के पद पर सेवाएं दे रही हैं।

# मोबाइल का प्रयोग सीमित और सोच समझकर करने के लिए प्रेरित किया

■ सोने से तीन घंटे पहले मोबाइल से दूर रहें, दो घंटे पढ़ाई करें और एक घंटा परिवार के साथ बिताएं : डॉ सुजीत

**लोहारू।** मंगलवार को चौ. बंसीलाल राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने परिसर में सफाई भी की। प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार चहल की अध्याता में आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुजीत कुमार ने शारीरिक श्रम के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें मोबाइल का प्रयोग सीमित करने तथा सोच समझकर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तकनीकी इस्तेमाल भी जरूरी है लेकिन स्वास्थ्य का ध्यान रखना उससे भी अधिक जरूरी। उन्होंने कहा कि तकनीकी चीजों का अत्यधिक प्रयोग मनुष्य को मानसिक तनाव प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से तीन, दो और एक के फार्मूले को इस्तेमाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यक्ति को सोने से तीन घंटे पहले मोबाइल से दूर रहना चाहिए, दो घंटे पढ़ाई करना और एक घंटा परिवार के साथ बिताना चाहिए। इस मौके पर डॉ राजबाला और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।





# पहली बार सफेद बालों और मूछों में दिखे अनिल कपूर

**मुंबई।** अनिल कपूर बॉलीवुड के एवरग्रीन एक्टर कहे जाते हैं। 69 साल की उम्र में भी अनिल कपूर बेहद हैंडसम और फिट हैं। इस बीच अभिनेता अपने नए लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने हाल ही में अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया है। सोशल मीडिया पर वह अक्सर फैंस के साथ अपने फिटनेस वीडियो भी शेयर करते हैं। हाल ही में अनिल कपूर ने अपना नया लुक सोशल मीडिया पर साझा किया। उसमें वह सफेद बालों और मूछों में नजर आ रहे हैं और पोज दे रहे हैं। ये तस्वीर शेयर करते हुए अनिल कपूर ने कैप्शन में लिखा- 'कोई नहीं जानता.... आगे क्या होने वाला है।'

लाइफ Style



# तापसी
## एक बार फिर कोर्टरूम में

तापसी पन्नू एक बार फिर कोर्टरूम जॉनर में वापसी के लिए तैयार हैं। इस बार वह निर्देशक अनुभव सिन्हा के साथ आने वाली इन्वेस्टिगेटिव कोर्टरूम ड्रामा फिल्म अस्सी में नजर आएंगी। दमदार मोशन पोस्टर से मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माताओं ने फिल्म को सीधे दर्शकों तक ले जाने की शुरुआत कर दी है और इसकी शुरुआत जयपुर में एक खास ऑन-ग्राउंड शोकेस से हुई।

एजेंसी ▶▶ जयपुर

फिल्म की अनोखी प्रमोशनल स्ट्रेटेजी के तहत, तापसी पन्नू ने जयपुर मीडिया के साथ एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस की, वहीं टीम ने साथ ही बड़े पर्दे पर अस्सी का ट्रेलर भी दिखाया। अभिनेत्री ने मीडिया प्रतिनिधियों के साथ ट्रेलर देखा, पत्रकारों, फैंस और डिजिटल क्रिएटर्स से सीधे संवाद किया और फिल्म तथा उसके सशक्त विषय पर अपने विचार साझा किए। अस्सी के मोशन पोस्टर ने अपने सख्त टोन और तात्कालिक संदेश के कारण पहले ही काफी उत्सुकता पैदा कर दी थी, जिसने एक हार्ड-हिटिंग सिनेमैटिक अनुभव की मजबूत नींव रखी। जयपुर दौरे ने इस उत्साह को और बढ़ाया, जहां दर्शकों ने फिल्म के तीव्र कोर्टरूम माहौल और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी कहानी को सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। तेज रफ्तार इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर के रूप में पेश की जा रही अस्सी, एक बिल्कुल नए तरह के कोर्टरूम ड्रामा के जरिए आगे बढ़ती है, जो देश में रोज़ाना दर्ज होने वाले लगभग अस्सी यौन उत्पीड़न मामलों की भयावह सच्चाई से प्रेरित है। फिल्म को एक अर्जेंट वॉच के तौर पर पोज़िशन किया जा रहा है, जो मजबूत महिला नायिकाओं के नेतृत्व में सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियों के लिए बढ़ती दर्शक रुचि को दर्शाता है।

हॉलीवुड मसाला



# 'द डेविल वियर्स...' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजेलिस।** फरवरी 2026 की शुरुआत एक जबरदस्त खबर के साथ हुई है। साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 2006 की कल्ट क्लासिक फिल्म का यह सीक्वल करीब दो दशक बाद मेरिल स्ट्रीप, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट की आइकॉनिक तिकड़ी को पर्दे पर वापस ला रहा है। ट्रेलर में, फैशन मैगज़ीन रनवे की एडिटर-इन-चीफ मिरांडा प्रीस्टली, मुश्किल में फंसे प्रिंट मीडिया सेक्टर में अपने एंटरप्राइज़ को फिर से ज़िंदा करने की कोशिश करेंगी।




# केट के बेटे एंडर्स ने रखा अभिनय की दुनिया में कदम

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री केट विंसलेट के 22 वर्षीय बेटे जो एंडर्स भी अब अभिनय की दुनिया में कदम रख रहे हैं। जो एंडर्स के पिता केट के पूर्व पति सैम मेंडेस हैं। जो नई सीरीज 'केप फियर' में काम कर रहे हैं। केट ने बताया कि बेटे के इस दौर में वह उसे पूरा सहारा दे पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनका बेटा अभी उसी "री-एंट्री" के दौर से गुजर रहा है। ऐसे समय में मां होने का एहसास फिर से बहुत गहराई से जाग जाता है। उन्होंने बताया कि वह बेटे को अच्छे खाने, सैर करने और आराम करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर बात करने का मन न हो या पूरा दिन बिस्तर में रहना चाहें, तो वह भी बिल्कुल ठीक है। केट का मानना है कि कभी-कभी कुछ न करना भी ठीक होता है और खुद को इसके लिए दोषी महसूस नहीं करना चाहिए।



# मैं कभी हार नहीं मानूंगी : पायल

**हैदराबाद।** साउथ फिल्म इंडस्ट्री की उभरती एक्ट्रेस पायल राजपूत ने अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी के साथ अपने मजबूत इरादे को जाहिर किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि वह कभी हार नहीं मानेंगी। पायल ने स्पष्ट किया कि इंडस्ट्री में कुछ लोग उन्हें एक्टिंग छोड़ने के लिए मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन वे दृढ़ हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने लिखा, वे चाहते हैं कि मैं छोड़ दूं, और मैं खुद से सवाल करती हूं कि क्या मुझे ऐसा करना चाहिए। लेकिन फिर मैं पिछले 12 सालों में की गई कड़ी मेहनत के बारे में सोचती हूं। इसलिए मैं खुद से कहती हूं नहीं, मैं फेल हो सकती हूं, लेकिन हार नहीं मानूंगी। पायल ने लिखा कि एक्टर बनना सबसे मुश्किल करियर में से एक है।




# 'धुरंधर-2' का धमाकेदार टीजर आउट...

**मुंबई।** रणवीर सिंह की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर' के सीक्वल 'धुरंधरः द रिवेंज' का ऑफिशियल टीजर रिलीज हो चुका है। टीजर का सोशल मीडिया पर धमाल देखने को मिला। पहले पार्ट की जबरदस्त सफलता के बाद यूजर्स इस सीक्वल के लिए उत्साहित नजर आए। टीजर करीब 1 मिनट 12 सेकंड लंबा है, जिसमें रणवीर सिंह का इंटेंस और खूंखार लुक सामने आया है। वह दो अलग-अलग किरदारों में नजर आ रहे हैं, जिसमें गोलीबारी, मारकाट और हाई-वोल्टेज एक्शन से भरपूर सीन हैं। टीजर की लाइन खास तौर पर चर्चा में है-"ये नया हिंदुस्तान है, घर में घुसेगा भी और मारेगा भी।" फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर ने पहले पार्ट की तरह ही इस सीक्वल में भी एक्शन, थ्रिलर और इमोशनल ड्रामा का शानदार मिश्रण किया है।


# नए गाने की तैयारी में जुटी

*मुंबई। भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह अपने प्रोजेक्ट और सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। अभिनेत्री ने नए गाने का संकेत देते हुए तस्वीर शेयर की। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की। इसमें वे हाथ में कप लिए हुए, कंडेसर माइक्रोफोन के सामने खड़ी दिख रही हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट कर लिखा, रोज थोड़ा बेहतर बनने और सीखने की कोशिश।" अक्षरा की तस्वीर देख फैंस नए प्रोजेक्ट आने का अंदाजा लगा रहे हैं। उनका कहना है कि यह किसी नए गाने या म्यूजिक प्रोजेक्ट का संकेत हो सकता है। अक्षरा का नाम भोजपुरी सिनेमा में उन अभिनेत्रियों में शुमार है, जिन्होंने अपनी एक्टिंग और गायिकी से लाखों दिल जीते हैं। उनके गाने दर्शकों के बीच खूब पसंद किए जाते हैं। वहीं, अभिनेत्री भी किसी खास मौके से पहले गाना जरूर रिलीज करती हैं। अभी हाल ही में अक्षरा का एक नया गाना 'बालम जी' रिलीज हुआ था और इसे दर्शक भी काफी पसंद कर रहे हैं। अभिनेत्री ने साल 2010 में रवि किशन के साथ फिल्म 'सत्यमेव जयते' से शुरुआत की थी। अक्षरा 'बिग बॉस ओटीटी' समेत 'सर्विस वाली बहू', 'पोरस',*



# अपारशक्ति और तुलसी का गाना 'निक्की निक्की

*टी-सीरीज अपने प्रशंसकों के लिए अक्सर मजेदार गाने पेश करता रहता है। टी-सीरीज ने मंगलवार को अपने दर्शकों के लिए रोमांटिक सॉन्ग 'निक्की निक्की गल' रिलीज किया। इस गाने में एक बार फिर से अपारशक्ति खुराना और तुलसी कुमार की जुगलबंदी देखने को मिल रही है। गाने को दोनों ने मिलकर अपनी आवाज में गाया है और एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। वहीं, साक्षी रत्ती ने गाना लिखने के साथ इसका संगीत भी तैयार किया है।*



**मुंबई।** टी-सीरीज ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर गाने की जानकारी देते हुए एक क्लिप शेयर की, जिसके साथ उन्होंने लिखा, थोड़ी सी नाराजगी पर बहुत सारा प्यार। 'निक्की निक्की गल' गाना अब रिलीज हो गया है। गाने की कहानी बहुत प्यारी है। इसमें छोटी-छोटी बातों पर होने वाली नाराजगी को प्यार से सुलझाने की बात पर जोर दिया गया है। अपारशक्ति खुराना गाने में तुलसी कुमार को प्यार भरे अंदाज में समझाते नजर आते हैं कि छोटी नाराजगी पर इतना गुस्सा

# फिल्मी दुनिया के शुरुआती दिन बेहद कठिन

**मुंबई।** फिल्मी दुनिया में कई कलाकार ऐसे होते हैं, जो कैमरे के सामने तो मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन उनके भीतर एक लड़ाई चल रही होती है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'बॉर्डर 2' के जरिए चर्चा में आई अभिनेत्री मेधा राणा भी उन्हीं कलाकारों में से एक हैं, जिन्होंने अपने अंदर चल रहे सवालों, असमंजस और आत्मसंदेह की जंग को जीतकर अपने ऊपर भरोसा करना सीखा और इस मुकाम तक का सफर तय किया। उन्होंने अपने जीवन में आए बदलावों पर बात की। मेधा राणा ने कहा, 'साल 2022 से लेकर अब तक उनके भीतर सबसे बड़ा बदलाव आत्मस्वीकृति और आत्मविश्वास का रहा है। मेधा ने कहा, 'जब मैंने मनोरंजन जगत में काम करना शुरू किया, तो



# इंडस्ट्री में कोई किसी का फ्रेंड नहीं: शुभांगी

मुंबई। टेलीविजन की मशहूर शुभांगी अत्रे इन दिनों आगामी फिल्म 'भाबीजी घर पर हैं' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच अभिनेत्री ने इंडस्ट्री में फ्रेंडशिप को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। शुभांगी ने कहा कि इस इंडस्ट्री में कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है। शुभांगी ने कहा, देखिए, यहां पर कोई भी बेस्ट फ्रेंड नहीं है, क्योंकि यहां पर लोगों में कॉम्पीटिशन और एक दूसरे को लेकर इंसीक्योरिटी बहुत ज्यादा है। जब एक शो चलता है, तब आप बहुत अच्छे दोस्त होते हैं, लेकिन जैसे ही आप उस शो से निकलते हैं, वो रिश्ते पीछे छूट जाते हैं। फिर आप अपनी जिंदगी की एक नई यात्रा शुरू करते हैं। मुझे लगता है कि एक एक्टर होने की सबसे अच्छी बात ये है कि आप खुद को लगातार खोजते और समझते रहते हैं। शुभांगी ने कहा, इसलिए यहां बेस्ट फ्रेंड जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। हां, इतना जरूर है कि जब तक हम साथ काम करते हैं, तब हम एक परिवार की तरह रहते हैं।



## भारतीय कलाकारों ने दिखाई मजबूत दावेदारी

# ग्रैमी अवॉर्ड में पुरस्कार से चूके भारतीय

*लॉस एंजिल्स। संगीत जगत के ऑस्कर के नाम से मशहूर ग्रैमी अवॉर्ड्स के 68वें सीजन का आयोजन लॉस एंजिल्स में हुआ। इस बार कई भारतीय कलाकारों ने अपनी मजबूत दावेदारी दिखाई। हालांकि, वे पुरस्कार पाने में असफल रहे। इस बार ग्रैमी में कोई भी भारतीय कलाकार जीत नहीं सका। हालांकि, भारत का ग्रैमी इतिहास गौरवशाली रहा है। पंडित रवि शंकर से लेकर उस्ताद जाकिर हुसैन तक कई महान कलाकारों ने यह सम्मान अपने नाम कर भारत का परचम लहराया है।*

### अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर रचा इतिहास

साल 2026 में भारतीय दावेदारों को जीत नहीं मिली, जबकि नामांकन सूची में तीन भारतीय नाम शामिल थे। पंडित रवि शंकर की बेटी और सितार वादक अनुष्का शंकर को ग्रैमी में दो नामांकन मिले थे। उनको सहयोगी ईपी चैप्टर आईआईआई वी रिटर्न टू लाइट को आलम खान और सरथी कोरवार के साथ बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक डेब्रेक को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में नॉमिनेशन मिला था। अनुष्का ने 13वीं बार नामांकन पाकर इतिहास रचा, लेकिन दोनों श्रेणियों में वे जीत से चूक गईं।

### चारू सूरी का पहला नामाकंन

ग्रैमी नॉमिनेशन में इंडो-अमेरिकी जैज पियानिस्ट चारू सूरी का नाम भी शामिल रहा। उन्होंने पहली बार नामांकन हासिल किया। उनका एल्बम श्यान बेस्ट कंटेम्परेरी इंस्ट्रुमेंटल एल्बम में शामिल था। इसके साथ ही फ्यूजन बैंड शक्ति (शंकर महादेवन, जॉन मैकलॉघलिन, गणेश राजगोपालन और वी. सेल्वागणेश के बैंड) को दो नामांकन मिले। उनका लाइव एल्बम माइंड एक्सप्लोसन बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में और ट्रैक शेरनी ड्रीम बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक परफॉर्मेंस में था। शक्ति ने पहले भी ग्रैमी जीते हैं, लेकिन इस बार सफलता नहीं मिली।



### भारतीय संगीत की बढ़ती ताकत

सिद्धांत भाटिया का एल्बम साउंड ऑफ महाकुंभ भी बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम में नामांकित था, जो

**खबर संक्षेप**

## मनरेगा को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल कल

**भिवानी।** केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को समाप्त करने की साजिश के खिलाफ हरियाणा कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इस जनविरोधी नीति के विरोध में 5 फरवरी को भिवानी में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे से सांय 4 बजे तक किया जाएगा। प्रदर्शन की तैयारियों को लेकर मंगलवार को शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी ने स्थानीय रोहतक रोड़ स्थित कार्यालय में पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली और सभी को जिम्मेदारियां सौंपी। बता दे कि यह प्रदर्शन हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनिरूद्ध चौधरी व शहरी जिला अध्यक्ष प्रदीप जोगी के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा।

## बीपीएचओ हरियाणा की कार्यकारिणी का ऐलान

**भिवानी।** भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन (बीपीएचओ) ने अपनी सांगठनिक शक्ति को विस्तार देते हुए हरियाणा प्रदेश की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। संस्थापक मंडल, राष्ट्रीय टीम और प्रदेश के वरिष्ठ साथियों के साथ लंबी मंत्रणा के बाद समाज के कर्मठ चेहरों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इस नई टीम में सुमेर करडवाल (असंध) को हरियाणा का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि गोविंद प्रजापति (महेंद्रगढ़) को प्रदेश मुख्य महासचिव की अहम जिम्मेदारी दी गई है। संगठन ने एडवोकेट संजय दक्ष (मेवात) को प्रदेश कोषाध्यक्ष और हेमलता प्रजापति को हरियाणा महिला इकाई की अध्यक्षा मनोनीत किया है।

## विद्यालय के संस्थापक के जन्मदिन पर कार्यक्रम

**भिवानी।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल,भिवानी के प्रांगण में प्राचार्या डॉक्टर निर्मला नीतू के अध्यक्षता में विद्यालय के संस्थापक प्रेमचंद गुप्ता के 76 वें जन्मदिन पर 'सृजन -2' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुंदरकांड का आयोजन किया गया। गोपाल कृष्ण शर्मा व उनकी मंडली द्वारा सुंदरकांड का सुमधुर गायन किया गया। कार्यक्रम में विजयकिशन अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

## शिव जयंती आत्म जागरण एवं परिवर्तन का संदेश

**भिवानी।** शिव जयंती केवल पर्व नहीं, बल्कि आत्म जागरण एवं जीवन परिवर्तन का संदेश है। परमपिता शिव का अवतरण हमें पवित्रता, शांति व प्रेम मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। ये उद्गार नवदशकोत्सव 90वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती पर शिव संदेश सद्भावना यात्रा के दौरान सेवाकेंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने पिचौपा खुर्द में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की कादमा–झोझू कलां शाखा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शिव ध्वजारोहण किया। उन्होंने लोगों को आध्यात्मिकता के बल से नशा मुक्त जीवन व गौरवपूर्ण वृद्धावस्था जीवन बनाने के लिए कहा कि नशा हमारे घर परिवार व समाज को नष्ट कर रहा है।

### योग सहायकों ने करवाया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

# एकाग्रता-इम्यूनिटी को बढ़ाता है सूर्य नमस्कार: डॉ. संजय

12 जनवरी से आरंभ हुआ यह अभियान 12 फरवरी तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रदेश सरकार के आदेशानुसार हरियाणा योग आयोग जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सूर्य नमस्कार अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान स्वामी विवेकानंद जयंती 12 जनवरी से शुरु हुआ जो स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती 12 फरवरी तक चलेगा। योग सहायकों द्वारा मंगलवार को जिला के विभिन्न स्थानों पर सूर्य नमस्कार अभ्यास करवाया गया।

आयुष विभाग के जिला योग कॉर्डिनेटर एवं चिकित्सा अधिकारी वैद ने बताया कि योग सहायक कविता अहलावत ने स्थानीय पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में, राजेश व सुखबीर ने आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल नवा राजगढ़ में, मदन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरक कलां आदि सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में सूर्य नमस्कार करवाया गया। इसके साथ-साथ सूर्य नमस्कार के स्वास्थ्य लाभ बताए गए। यह मानसिक शांति और बेहतर फोकस के लिए परीक्षा के दौरान भी फायदेमंद है, जिससे बच्चों का समग्र विकास होता है और वे ऊर्जावान रहते हैं।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में योगा करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### शरीर बनता है लचीला

डॉ. वैद ने बताया कि नियमित रूप से 30 दिन तक निरंतर सूर्य नमस्कार करने से बड़ा सकारात्मक मानसिक व शारीरिक बदलाव देखने को मिलता है। अच्छी एकाग्रता और इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए सूर्य नमस्कार का नियमित अभ्यास करना चाहिए। बच्चों के लिए सूर्य नमस्कार एकाग्रता, स्मरण शक्ति और शारीरिक शक्ति बढ़ाने के साथ-साथ तनाव कम करता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है, पाचन सुधारता है और शरीर को लचीला बनाता है।

# बजट की प्रतियां जला जताई नाराजगी

- गुस्साए किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

संयुक्त किसान मोर्चे के बैनर तले लोहारू में चल रहे किसानों के अनिश्चितकालीन धरने के दौरान मंगलवार को किसानों ने हाल ही सरकार द्वारा जारी किए गए बजट को किसान विरोधी बताया और बजट की प्रतियां जलाकर रोष प्रकट किया। इस दौरान गुस्साए किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। किसानों ने कहा कि सरकार ने हाल में जारी किए बजट में किसानों के कल्याण के लिए कोई कारगर योजनाओं का खाका तैयार नही किया। मा. जग रोशन ने बजट पर बोलते हुए कहा कि आज तक के जितने भी बजट पेश हुए हैं उनमें किसानों के साथ धोखा हुआ है।



लोहारू। बजट की प्रतियां जलाते हुए धरनारत किसान। फोटो: हरिभूमि

### मनरेगा के बजट में भारी कटौती से नाराजगी

मंगलवार को प्रदेशभर में किसानों ने बजट की प्रतियां जलाई। मजदूरों को मनरेगा के बजट में भारी कटौती की गई है तथा इसका 40 फीसदी हिस्सा राज्य सरकारों के जिम्मे डालकर पहले से घाटे में चल रही राज्य सरकार पर बोझ बढ़ेगा और मजदूरों को काम से वंचित होना पड़ सकता है। धरने की अध्यक्षता अध्यक्षता राजे राम पूर्व सरपंच अहमदवास खेड़ा, शेर सिंह , ईश्वर सिंह, प्रताप राव , सुमेर सिंह गिगनाऊ ने किया। मंच संचालन सतबीर हरियावास और जय सिंह गिगनाऊ ने किया।

# राहवीरों को कानूनी संरक्षण, गोल्डन आवर में मदद करने से न डरें: डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

- मदद करने वाले से व्यक्तिगत जानकारी नहीं मांगी जाएगी : उपायुक्त

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने कहा कि सड़क दुर्घटना के समय 'गोल्डन आवर' में दी गई त्वरित सहायता किसी की जान बचा सकती है और ऐसे में आगे आने वाले राह-वीरों (नेक आदमी) को किसी भी प्रकार के डर या कानूनी झंझट की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने बताया कि मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम 2019 की धारा 134ए के तहत अधिसूचित गुड समैरिटन नियमों के अनुसार दुर्घटना पीड़ित की मदद करने वाले व्यक्ति को न तो हिरासत में लिया जा सकता है, न उससे जबरन व्यक्तिगत जानकारी मांगी जा सकती है और न ही उसे अनावश्यक कानूनी प्रक्रियाओं में उलझाया जा सकता है। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने प्रचलित सभी दुष्प्रभाव को दूर करते हुए बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल की सहायता करने पर किसी प्रकार की कानूनी परेशानी नहीं होती। यह धारणा पूरी तरह गलत है कि मदद करने वाले व्यक्ति को पुलिस या अदालतों के चक्कर लगाने पड़ते हैं।

## बजट के नाम पर थमाया झुनझुना: विधायक

**लोहारू।** हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए बजट को लोहारू के कांग्रेसी विधायक राजबीर फरटिया ने भ्रम का दस्तावेज बताया है और कहा कि सरकार ने बजट के नाम पर लोगों के हाथ में झुनझुना थमाने का काम किया है। महंगाई, बेरोजगारी और रोजमर्रा की जरूरतों से जूझ रही जनता को इस बजट से राहत की आस थी, लेकिन सरकार का यह बजट जनता की उम्मीदों पर खरा नही उतर पाया। यह महज आंकड़ों और खोखले वायदों का झुनझुना है। आज यहां जारी प्रेस बयान में कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने कहा कि बजट में बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का कोई ठोस रोड मैप नही दिखाई दिया। वहीं मध्यम वर्ग



भिवानी। विद्यार्थियों को योग की जानकारी देते प्रशिक्षक। फोटो: हरिभूमि

## योगाचार्य ने विद्यार्थियों को करवाया योगाभ्यास

**चरखी दादरी।** गांव कादमा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में केन्द्रीय आयुष विभाग और हरियाणा योग-आयोग के तत्वावधान में महर्षि विवेकानन्द जयंती 12 जनवरी से महर्षि दयानन्द जयंती 12 फरवरी तक चलने वाले योग कार्यक्रमों के तहत योग कार्यक्रम किया, जिसमें हरियाणा राज्य के राज्यपाल द्वारा तीन बार स्टेट अवार्ड से सम्मानित योगाचार्य बिशन सिंह आर्य ने विद्यार्थियों को योग करवाया। आर्य ने विद्यार्थियों को योग के महत्त्व के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि आज हमारी दिनचर्या दिन-ब-दिन बदलती जा रही है। आलस्य और तनाव भरे जीवन से हम अनेकों बीमारियों का शिकार होते जा रहे हैं।

# बिलासपुर में दमखम दिखाएगी होनहार बेटी

- घुसकानी स्कूल की कविता का हुआ राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव घुसकानी स्थित वीर शहीद कैप्टन ओपी दलाल राजकीय उच्च विद्यालय की होनहार छात्रा कविता का चयन राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता सॉफ्टबाल अंडर-17 के लिए हरियाणा टीम में हुआ है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 4 से 8 फरवरी तक बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित की जाएगी। विद्यालय के पीटीआई एवं कविता के कोच विनोद पिंकू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य की ओर से 16 लडक़े एवं 16 लड़कियां भाग लेंगी। लडक़ों की टीम के कोच रोहित, लड़कियों की टीम की कोच आशु, लडक़ों की टीम के मैनेजर जितेंद्र तथा लड़कियों की टीम की मैनेजर प्रियंका नियुक्त की गई हैं।



भिवानी। राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता सॉफ्टबाल अंडर-17 के लिए छात्रा कविता को सम्मानित करते हुए।

### सरपंच प्रतिनिधि ने दी बधाई

कविता के राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार, मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार, लक्ष्मी देवी, अनिल शर्मा, गुड्डी देवी, विनोद पिंकू पीटीआई, बबीता संस्कृत अध्यापिका, अनिल हिंदी, जोगेंद्र सांगवान, विजेंद्र कंप्यूटर, नवीन ढांडा, बिमला, सुदेश देवी, सुमन रानी, रचना, महिपाल सिंह सहित विद्यालय स्टाफ व ग्रामीणों ने छात्रा को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया।

# मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना है बहुत ही मददगार: उपायुक्त

- सरकार द्वारा आर्थिक रूप से सभी कमजोर वर्ग को दी जाती है मुख्यमंत्री विवाह शगुन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं। इनमें समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना भी एक है।

पात्र एवं जरूरतमंद व्यक्ति शादी. ईदिशा. जीओवी. इन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंता को कम करना है। उन्होंने सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपनी बेटियों के भविष्य को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं। इस योजना में अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति / टपरीवास जाति के लाभार्थियों (जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक हो) की बेटियों के विवाह पर 71 हजार रुपए अनुदान राशि प्रदान की जाती है।

# चित्रा यादव ने कराटे में जीता पदक

- विद्यालय पहुंचने पर होनहार छात्रा का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बवानीखेड़ा

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस विद्यालय की होनहार छात्रा चित्रा यादव ने 69वीं राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप की आयु वर्ग 19 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 जनवरी 2026 से 29 जनवरी 2026 तक बारामती, महाराष्ट्र में आयोजित की गई थी। यह प्रतियोगिता एसजीएफआई द्वारा आयोजित की गई और प्रमाण-पत्र भी एसजीएफआई द्वारा प्रदान किया गया। इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी और उत्साह का माहौल है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा चित्रा यादव के सम्मान में विशेष अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।




बवानीखेड़ा। प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि "हमारी छात्रा ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय और पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक सिद्ध होगी।" विद्यालय के डायरेक्टर साहिल यादव, प्रधानाचार्य नितीश मिश्र ने भी चित्रा यादव को आशीर्वाद देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपप्रधानाचार्या गीता यादव, प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने चित्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और शुभकामनाएं दी। यह उपलब्धि आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस द्वारा खेलों को दिए जा रहे प्रोत्साहन और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है।


## विद्यार्थियों को करवाया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**बाढ़ड़ा।** सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉक्टर राकेश वशिष्ठ व जिला योग समन्वयक डॉक्टर परमिल फोगाट के मार्गदर्शन में आयुष योग शिक्षक योगाचार्य दिनेश रोहिल्ला और नरेंद्र सिंह ने राजकीय वमा विद्यालय कारीधारणी में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। सूर्य नमस्कार पूर्णतः वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है। उन्होंने योग न केवल शारीरिक अभ्यास है, बल्कि ये व्यक्ति के सामाजिक व्यवहारिक और आध्यात्मिक स्तर से भी जुड़ा हुआ है। योग का क्षेत्र व्यापक है। जीवन जीने का ढंग सीखाता है योग। व्यक्ति को मानसिक रूप से सक्षम बनाकर जीवन की हर परिस्थिति में संतुलन बनाए रखने की क्षमता प्रदान करता है। बच्चों को बताया कि योग के द्वारा हम किस प्रकार रोग मुक्त जीवन जी सकते हैं।

# नन्हे-मुन्हों ने दी शानदार प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

लिटिल हार्टस कॉन्वेन्ट स्कूल में आज प्रथम कक्षा के विद्यार्थियों की देशभक्ति से ओत-प्रोत विशेष सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के महासचिव संजय गोयल, एम.डी. पवन गोयल व भावना गोयल ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम कक्षा के नन्हे-मुन्हे बच्चों ने अपने उत्साह व आत्मविश्वास का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक अपनी उत्कृष्ठ प्रतिभा का प्रदर्शन किया व बच्चों ने 'मेरी आन है तू' कविता, 'मेरा कर्मा तू' गीत, 'ओपरेशन सिंन्दूर' नृत्य नाटिका व 'कंधों से मिलते है कंधे', 'देश रंगीला' आदि देशभक्ति से सराबोर नृत्य व गीत प्रस्तुत किए जिन्हे देखकर सारा सदन तालियों व वन्दे मातरम के नारों से गुंज उठा। विद्यालय के निदेशक रामानन्द सिंघल, ऐश्वर्या सिंघल, राहुल गोयल, विनय गोयल, निश्चल गोयल व साक्षी गोयल ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए उनकी अनुठी प्रतिभा की सराहना की व विद्यार्थियों के साथ हमारे देश की आजादी में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को नमन किया व हमारे जीवन में आजादी के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर प्राचार्या वीना सेठ, को-आर्डिनेटर ममता, पुजा, सुषमा, संगीता, नुपुर, अनुराधा, हेमलता, हिमांशी सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था।




भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुती देते प्रतिभागी।

### परिणाम प्रणाली की स्वतंत्र व उच्चस्तरीय जांच सहित अनेक मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# एनएसयूआई का सरकार एवं सीबीएलयू प्रशासन के खिलाफ फूटा गुस्सा, परिणाम को लेकर विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली और परीक्षा परिणामों में कथित धांधली को लेकर छात्र राजनीति गरमा गई है।

मंगलवार को तोशाम स्थित बनवारीलाल जिंदल सुईवाला कॉलेज के बाहर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला फूंका। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि विश्वविद्यालय में अंकों का खेल चल रहा है, जिससे हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। एनएसयूआई भिवानी जिलाध्यक्ष मंजीत लांगायन के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रदर्शन का नेतृत्व छात्र नेता रवि सभ्रवाल ने किया। प्रदर्शन के दौरान छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि परीक्षा प्रणाली पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है।



भिवानी। परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी को लेकर विरोध जताते एनएसयूआई के सदस्य।

एनएसयूआई छात्र नेता रवि सभ्रवाल ने कहा कि छात्रों को पहले शून्य अंक दिए जाते हैं और फिर बिना किसी स्पष्ट प्रक्रिया के उनके अंक बढ़ा दिए जाते हैं, यह सीबीएलयू प्रणाली की विश्वसनीयता पर बड़ा सवाल है। वही सीबीएलयू में रि-चेकिंग और री-इवैल्यूएशन की भारी-भरकम फीस के नाम पर गरीब और किसान परिवारों के बच्चों से वसूली की जा रही है। एनएसयूआई ने विवि प्रशासन और भाजपा सरकार को भी कटघरे में खड़ा किया।

### दमनात्मक कार्रवाई तुरंत बंद हो

सभ्रवाल ने कहा कि जब छात्र अपने हक की बात करते हैं तो प्रशासन जवाब देने की बजाय पुलिस के जरिये डराने-धमकाने का काम करता है, ये लोकतंत्र में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि विरोध प्रदर्शन तो महज शुरुआत है। उन्होंने मांग की कि परीक्षा परिणाम प्रणाली की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच हो, भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों के नाम सार्वजनिक किए जाएं, छात्रों पर हो रही दमनात्मक कार्रवाई तुरंत बंद हो।

# गुजरानी से तिगड़ाना रोड की हालत खस्ता, ग्रामीण परेशान

- विधायक को अवगत करवाने के बाद भी नहीं हुआ सुधार : महाबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव गुजरानी निवासी पूर्व पटवारी महाबीर सिंह ने बताया कि गांव गुजरानी से तिगड़ाना जाने वाले रास्ते की हालत खस्ता बनी हुई है। यह रोड कई जगहों से तो टूटा हुआ है तथा कई जगह गहरे गड्ढे बने हैं। इन गड्ढों के कारण कई बार तो मोटरसाइकिल पर जाने वाले लोग गिर चुके और गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं, यहां पर वाहनों का चलना तो दूर राहगीरों का पैदल चलना भी मुश्किल हैं। ग्रामीण महाबीर ने कहा कि इस रास्ते की तरफ लगते खेतों में जब किसान बैलगाड़ी से जाता है तो बैलों के पैरों में रोडे चुभते हैं, जिससे उन्हें तकलीफ होती हैं।

उन्होंने बताया कि हल्का बवानीखेड़ा से विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि एक कार्यक्रम में गांव गुजरानी में आए तो उन्हें की समस्या से अवगत करवाया था। विधायक ने शीघ्र ही समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक समस्या ज्यों की त्यों बनी है। उन्होंने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से मांग की कि समस्या का शीघ्र से शीघ्र समाधान किया जाए। इस अवसर पर विकास, जीतू, सुरेन्द्र, संदीप, बिट्टू, सोनू, सुरेश, चांदी, सतीश, श्यामबीर व विजय आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

**अदालती सूचना**

बा अदालत उपतहसीलदार साधिकार सहायक कलैक्टर दर्जा दोयम बवानी खेड़ा।

केस नम्बर 35/ एन०टी०
दायरा:-24.09.25
आगामी पेशी - 11.03.26

1-सुरेन्द्र सिंह उर्फ सुन्दर पुत्र शोभा पुत्र मोहर सिंह निवासी पुर तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी।
फरीक अव्वल......

बनाम

1-पोहलू पुत्र मोहर सिंह पुत्र माईराम, 2-रामपत, 3-आजाद, 4-प्रकाश, 5-राममेहर पुत्रान श्री रतना पुत्र श्री मोहर, 6- जयभगवान, 7- शमशेर, 8-अमित पुत्रान श्री शोभा पुत्र मोहरसिंह, 9-राजेन्द्र, 10-कालूराम, 11-प्रेम, 12-श्रीभगवान, 13-धर्मबीर पुत्रान श्री पोहलू पुत्र मोहर सिंह 14-सन्दीप पुत्र बलवान पुत्र पोहलू निंवासीयान गांव पुर तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी। उतरवादीगण...

दरखास्त तकसीम बाबत अराजी जरई खेवट नम्बर 497 // 392, खतौनी नम्बर 591, नम्बर खसरा, 202// 15(8- 0) , 16(8- 0) 17/2 * (5 - 16), 23/2 (3 - 8), 24(8 - 0), 25(8 - 0), 203// 11(8 - 0), 20(8-0), 21(8-0), 215// 20(8 - 0), 21(7 - 7), 216// 16(8 - 0), 17(8 -0), 24(7-7), 25(7-7), 221// 14(8 - 0), 15(8 - 0), 16/2 (6 - 16), 17/1 (3 - 11), 222// 11(8-0), 12(7-0), 18/2 (1 - 8), 19(7-0), 22(6 - 7) किते 24 रकबा 167 कनाल 7 मरले जमाबन्दी साल 2021-2022 वाका मौजा पुर तहसील बवानी खेड़ा जिला भिवानी बर बिनाये. शहादत तहरीरी वा तकरीरी हर किस्म। उपरोक्त शीर्षक में उक्त प्रतिवादी सम्मन की तामील करने से जानबूझकर बचते है तथा छिप गए है। इसलिए उक्त उतरवादीगण के नाम विज्ञापन जारी किया जाता है कि यदि उक्त उत्तरवादीगण दिनांक 11.03.2026 को प्रात: 9:30 बजे इस न्यायालय में असालतन अथवा वकालतन इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो इस सम्बन्ध में एकपक्षिय कार्यवाही की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

उपतहसीलदार एवं सहायक कलैक्टर दर्जा दोयम बवानी खेड़ा।

## खबर संक्षेप

### अनुदान के लिए 16 तक आवेदन करें: एसडीएम

**तोशाम।** डीसी साहिल गुप्ता के दिशा-निर्देश पर एसडीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि वर्ष 2025-26 में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा द्वारा कृषि कलपुर्जों को बढ़ावा देने के लिए आरकेवीवाई योजना के के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। किसान इस योजना का लाभ उठाने के लिए 16 फरवरी तक कृषि विभाग की वेबसाइट एग्रीहरियाणा.जीओवी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ राकेश रोहिल्ला ने बताया कि वे किसान जो मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर सीजन रबी 2024 एवं खरीफ 2025 में पंजीकृत है, वो ही आवेदन के लिए पात्र होंगे।

### आप नेता ने मारपीट करने का आरोप लगाया

**बाढ़ड़ा।** आप नेता राकेश चांदवास ने थाना प्रभारी को शिकायत देकर बताया कि वह सोमवार को अपने परिचित के साथ चांदवास की ओर जा रहा थे, तभी रास्ते में सफेद रंग की कार सवार युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। शिकायत के अनुसार कार सवारों ने बिना किसी कारण के गाली-गलौच शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट का प्रयास किया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसे डराने-धमकाने के साथ जान से मारने की नीयत से हमला करने की कोशिश की। इस दौरान मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पीड़ित ने बताया कि हमलावरों की गाड़ी सफेद रंग की बलेनो कार थी, जिसका कुछ हिस्सा नंबर भी उसने पुलिस को बताया है। पीड़ित ने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत थाना प्रभारी को देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### आरईडी विद्यालय में करवाया सूर्यनमस्कार

**चरखी दादरी।** चरखी स्थित आरईडी विद्यालय में छात्रों को योगाभ्यास के दौरान सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा सूर्य नमस्कार के महत्त्व बताना था। योग सहायक प्रेमर, रितु शर्मा व चेतना ने स्कूल में विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया। योग सहायकों ने बताया कि नियमित रूप से सूर्य नमस्कार करने से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और एकाग्रता में सुधार आता है।

# पांच साल बाद नोजल से छूटे फव्वारे, बढ़ेगी पार्क में रौनक, पौधों को मिलेगा नया जीवन, पार्षद नें बांटी मिठाई

*कई बार प्रयासों के बाद ही सुधरेगी पार्क की हालत: पार्षद*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

अब बाहरी कॉलोनियों में रहने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर। अब देवनगर व उसके आसपास के रहने वाले लोग बीडी गुप्ता पार्क में आराम से टहल सकेंगे। साथ ही पार्क में लगाए गए फुव्वारों का भी लुफ्त उठा सकेंगे। क्षेत्र के लोगों को यह सुविधा करीब पांच साल बाद मिलने जा रही है। चूंकि अभी तक पार्क में लगे फुव्वारें कबाड़ बने हुए थे। यह सब कार्य नगरपरिषद के पार्षद सूर्या तंवर के प्रयासों के बावजूद पूरा हुआ है। यह कार्य मुक्कमल होने के बाद सोमवार शाम को पूर्व सीएम बीडी गुप्ता पार्क में फव्वारें से पानी की बूंदे हवा में उड़ने लगी। पार्क में फुव्वारें चलने की खबर के बाद क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल बन गया। यहां तक फव्वारें चलने की खुशी में नगरपरिषद पार्षद सूर्या तंवर ने वहां पर मौजूद लोगों का मुंह मीठा करवाया। यहां यह बताते चले कि उक्त पार्क का



निर्माण एचएसवीपी(हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण) विभाग के तहत हुआ था और अभी भी हुडा ने ही पार्क का जीर्णोद्धार करवाया है।



रात के समय पार्क में चलते फव्वारों का दृश्य।

### पार्क में 35 लगेंगी लाइटें, पगडंडियों की होगी मरम्मत

बताया जाता है कि उक्त पार्क के फव्वारें चलाए जाने के बाद अब यहां पर करीब 35 लाइटें लगवाई जाएंगी। जिससे कोई भी व्यक्ति रात को भी आराम से पार्क में टहल सके और पार्क की सुंदरता भी बढ जाएगी। इनके अलावा पार्क में लोगों को घुमने व सैर करने के लिए बनाई गई पगडंडियों की भी रिपेयर करवाई जाएगी। चूंकि अनेक जगहों से पगडंडियां टूटी हुई है और वे अब चलने लायक नहीं बची है। अब हुडा बीडी गुप्ता पार्क का जीर्णोद्धार करवा रहा है। वहीं बारिश के पानी से पार्क के अनेक पौधे खतम हो गए है। अब हुडा विभाग ही उनकी जगह नए पौधे लगवाए जाने की प्रक्रिया शुरू करवाएगा। ताकि फिर से पार्क में हरियाली कायम की जा सके।

### जीर्णोद्धार का उठाया था बीड़ा

नगरपरिषद पार्षद सूर्या तंवर ने बताया कि पूर्व सीएम स्व. बीडी गुप्ता पार्क करीब पांच साल से दुर्दिनों के दौर से गुजर रहा था। दो साल पहले उन्होंने पार्क के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया था। वे पार्क के सुधारीकरण के लिए कई बार हिसार एचएसवीपी(हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण)के कार्यकारी अभियंता के कार्यालय में गए और उनसे पार्क के सुधारीकरण की मांग की। लगातार प्रयासों के बावजूद अब जाकर पार्क के जीर्णोद्धार की उम्मीद जगी है। अब पार्क के फव्वारें दुरुस्त करवाए गए है और आज से इनमें पानी की बूंदे फूटने लगी। इनके अलावा सूखे पेड़ों की जगह नए पेड़ लगवाए जाएंगे तथा 35 लाइटें लगवाई जाएगी।

## हड़ताल के लिए एसकेएस और सीटू ने की नुक्कड़ सभाएं

# हड़ताल को लेकर सर्व कर्मचारी संघ और सीटू ने झोंकी ताकत

स्मार्ट मीटर के जरिये बिजली का निजीकरण कर रही सरकार, आमजन पर पड़ेगा अतिरिक्त बोझ : जरनैल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

आगामी 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर सर्व कर्मचारी संघ व सीटू ने पूरी ताकत झोंक दी है। केंद्र व राज्य सरकारों की जनविरोधी व कर्मचारी विरोधी नीतियों से मजदूरों व कर्मचारियों में भारी रोष है। सकसं हरियाणा व सीटू भिवानी का संयुक्त जत्था दो दिनों से चलाया जा रहा है। जत्थे के माध्यम से विभिन्न विभागों में कर्मचारियों व गांवों में मजदूरों, की नुक्कड़ सभाएं की जा रही है।

चारों लेबर कोड रद्द करने, सभी परियोजना वर्कर्स, ग्रामीण सफाई कर्मी व चौकीदारों, वन मजदूरों समेत सभी कर्मचारियों को पक्का करने, समान काम समान वेतन लागू करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये महीना करने की मांग उठाई। इसके साथ ही कर्मचारी नेता ने विभिन्न विभागों में स्वीकृत पदों पर स्थायी भर्ती करने, पुरानी पेंशन बहाली, हरियाणा का अलग से वेतन आयोग, एचकेआरएन को भंग करके सभी कर्मचारियों को नियमित करने, निजीकरण पर रोक लगाने, बिजली बिल, बीज बिल, शांति विधेयक रद्द करने करने, वीबी जी राम जी को रद्द करके मनरेगा कानून लागू करने, निर्माण मजदूरों के बंद पड़े पोर्टल को खोले जाने, पुरानी पेंशन बहाली, 8वां वेतन आयोग का गठन करने, 29 लेबर कोड जो रद्द करने आदि मांगों को लेकर 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल की तैयारियों को लेकर सीटू व सर्व कर्मचारी संघ के सांझे जत्थे ने विभिन्न विभागों में द्वार सभाएं की। सांझे जत्थे ने मंगलवार को आईटीई, पब्लिक हेल्थ कार्यालय, बीएंडआर कार्यालय, शिक्षा बोर्ड कार्यालय, नगर पालिका, बिजली बोर्ड कार्यालय, मिताथल, बडेसरा व चांग में कर्मचारी मजदूरों से राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सफलता को लेकर चर्चा की। सकसं राज्य वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह, शिक्षा बोर्ड के प्रधान सत्यवीर स्वामी व हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन संबंधित सकसं के राज्य उपप्रधान राजेश लांबा ने बताया कि बीज विधेयक, बिजली विधेयक किसानों, आम नागरिक के लिए बहुत नुकसानदायक होंगे और लोगों का जीना दुभर हो जाएगा। उन्होंने जनता को आगाह किया कि सरकार स्मार्ट मीटर के जरिए बिजली का निजीकरण कर रही है और जैसे मोबाइल रिचार्ज के रेट मनमाने ढंग से बढ़ते हैं, भविष्य में बिजली के दाम भी आम आदमी की पहुंच से बाहर हो जाएंगे।





**भिवानी।** सभा को संबोधित करते हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन के प्रधान सत्यवीर स्वामी व कर्मचारी नेता राजेश लांबा व बिजली निगम में कर्मचारियों को संबोधित करते हरियाणा एजुकेशन मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन के राज्य उपप्रधान राजेश लांबा। *फोटो : हरिभूमि*

### सांसद के बयान पर जताया रोष

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारियों ने सांसद नवीन जिंदल द्वारा बोर्ड को बंद करने के संबंध में दिए बयान पर कड़ा रोष जताया है। इस विवादित बयान के विरोध और कर्मचारी मांगों को लेकर आगामी 12 फरवरी को होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बोर्ड कर्मचारी बढ़-चढक़र हिस्सा लेंगे। इसी कड़ी में शिक्षा बोर्ड कैंपस में केंद्रीय ट्रेड यूनियन और केंद्र व राज्य कर्मचारी संघों के आह्वान पर मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन संबंधित सकसं की द्वार सभा हुई। द्वार सभा की अध्यक्षता प्रधान सत्यवीर स्वामी ने की और मंच संचालन महासचिव सोमवीर पूनिया ने किया। हेमसा के राज्य उपप्रधान राजेश लाम्बा ने सांसद नवीन जिंदल के बयान को गैर-जिम्मेदाराना करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की मंशा शिक्षा के मूलभूत ढांचे को खत्म करने की है। उन्होंने चेतवानी दी कि शिक्षा बोर्ड को बचाने के लिए सभी विभागों के कर्मचारी और नेता एकजुट होकर लड़ाई लड़ेंगे तथा सरकार की तानाशाही को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संघ के राज्य वरिष्ठ उपप्रधान जरनैल सिंह, सत्यवीर स्वामी व राजेश लांबा ने नवीन जिंदल के ब्यान की निंदा की तथा भाजपा सांसद को चेताया कि बोर्ड एक स्वायत्त संस्था है, इससे सरकार से एक रूपये का भी अनुदान नहीं मिलता है। गरीब बच्चों से मिलने वाली फीस से बोर्ड का ढांचा खड़ा हुआ है, इसे किसी भी सूरत में बंद नहीं होने देंगे।

# बच्चों के आवास, भोजन और स्वास्थ्य से जुड़ी व्यवस्थाएं जांची

- सीजेएम पवन कुमार ने बाल सेवा आश्रम व सखी वन स्टॉप सेंटर का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डीआर. चालिया के निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम)-कम-सचिव पवन कुमार ने जिले के बाल सेवा आश्रम व सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दोनों केंद्रों में उपलब्ध व्यवस्थाओं, उपचार प्रक्रियाओं, परामर्श सेवाओं तथा पुनर्वास से जुड़ी सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बाल सेवा आश्रम के निरीक्षण के दौरान सीजेएम पवन कुमार ने बच्चों के आवास, भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आश्रम में रह रहे बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। इसके उपरांत सखी वन स्टॉप सेंटर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिलाओं के लिए उपलब्ध चिकित्सकीय सहायता, कानूनी परामर्श आदि के बारे में जानकारी ली।

# पंचायतों और निकायों मिलेगा खेल का सामान: खेल अधिकारी

- युवाओं को नशे से दूर रखने की पहल, युवा घर के समीप कर सकते हैं अभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों एवं नगर निकायों के युवाओं को खेलों के प्रति आकर्षित करने तथा उन्हें नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखने के उद्देश्य से सराहनीय कदम उठाया है।

सरकार खेल विभाग के माध्यम से पंचायतों और निकायों को खेल का सामान उपलब्ध करने जा रही है। युवा इस सामान से घर के समीप ही खेल का अभ्यास कर सकेंगे। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि इस योजना के तहत वॉलीबॉल, फुटबॉल, बास्केटबॉल, हैंडबॉल, बॉक्सिंग, कुश्ती, जूडो, क्रिकेट, योगा एवं वेटलिफ्टिंग जैसे खेलों के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार खेल सामान ग्राम पंचायतों व नगर निकायों को उपलब्ध करवाया जाएगा। संबंधित ग्राम पंचायत व नगर निकाय आवश्यकता अनुसार चिन्हित खेलों के खेल सामान की मांग निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर 31 मार्च तक जिला खेल कार्यालय में प्रस्तुत करें। जिला खेल अधिकारी विष्णु भगवान ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक खेल के लिए पात्र खेल सामग्री की सूची सरकार द्वारा निर्धारित की गई है।

# दो अस्पतालों में उपचाराधीन मरीजों के लिए तीन युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

शहर में मानवता की ऐसी मिसाल पेश की गई है, जिसने साबित कर दिया कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता, जब शहर के दो अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजनों को दुर्लभ ब्लड ग्रुप के लिए दर-दर भटकना पड़ा, तब शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा और उनकी टीम ने देवदूत बनकर उनकी जान बचाई। मामला उस समय गंभीर हो गया जब भिवानी के दो अलग-अलग अस्पतालों में उपचाराधीन मरीजों को एबी नेगेटिव और बी नेगेटिव रक्त की तत्काल आवश्यकता पड़ी।

ये दोनों ही ब्लड गुरप रेयर यानी दुर्लभ श्रेणी में आते हैं, परिजनों ने शहर के कई ब्लड बैंकों के चक्कर काटे, लेकिन कहीं भी रक्त उपलब्ध नहीं हो पाया तो उन्होंने शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा से संपर्क किया। डुडेजा ने बिना समय गंवाए तुरंत अपनी टीम के सक्रिय रक्तदाताओं को संदेश भेजा। डुडेजा की सूचना मिलते ही उनकी टीम के युवा रक्तदाता अक्षय शर्मा, मनदीप शर्मा और असलम तुरंत निजी ब्लड बैंक पहुंचे। आपात स्थिति में रक्तदान करने पर राजेश डुडेजा ने तीनों रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है।



# सांसद ने एमडी को लिखा पत्र, पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग

- उमरवास में ट्रांसफार्मर रखते समय युवा किसान की हुई थी दर्दनाक मौत, परिवार का इकलोता कमाऊ था

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बाढ़ड़ा

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह ने बिजली निगमों के एमडी को पत्र लिखकर गांव उमरवास में युवा किसान मोनू शर्मा की ट्रांसफार्मर रखने के दौरान हुई मौत के मामले की जांच करवाकर पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद करने की मांग की है। मृतक युवा किसान परिवार का इकलौता कमाऊ था। सांसद धर्मबीर सिंह ने उमरवास निवासी किसान मोनू शर्मा की मौत के मामले को लेकर दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंधक निदेशक विक्रम सिंह आईएएस को पत्र लिखा। सांसद ने बताया कि 29 दिसंबर को ट्यूबवेल को लगाते समय उमरवास का युवा किसान व उसके पिता चपेट में आ गए, जहां किसान मोनू शर्मा की मौत हो गई।

### खंभों पर ढंग से नहीं लगे थे उपकरण

29 दिसंबर सोमवार को बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता पिकअप गाड़ी में ट्रांसफार्मर लेकर पहुंचे तो उन्होंने कर्मचारियों को बताया कि वह पुराना ट्रांसफार्मर है और दोनों खंभों पर उपकरण भी सही तरीके से नहीं लगे है, जिसपर बिजली कर्मियों ने कहा कि वह सब ठीक है और वह उस ट्रांसफार्मर को लगाने लगे तो वह नीचे गिर गया और वहां मौजूद उसके पिता श्रीभगवान व छोटा भाई मोनू शर्मा दोनों उसकी चपेट में आ गए। दोनों किसानो पर ट्रांसफार्मर गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिनको आनन फानन में भिवानी के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर उसके छोटे भाई मोनू शर्मा की रात्रि को ही उपचार के दौरान भिवानी के निजी अस्पताल में मौत हो गई। वहीं पिता जी की गंभीर हालत बनी हुई है।

### हड़ताल को लेकर चलाया अभियान

**लोहारू।** केन्द्र सरकार की नीतियों के खिलाफ केंद्रीय ट्रेंड यूनियनों के आह्वान पर 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को कामयाब बनाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व सीटू ने मिलकर प्रचार अभियान तेज कर दिया। उसी कड़ी में मंगलवार को लोहारू खंड में राज्य जत्थे के रूप में रोडवेज, बिजली बोर्ड, जनस्वास्थ्य, स्वास्थ्य, चतुर्थ श्रेणी, शिक्षा विभाग, आशा वर्कर, मिड डे मील कर्मचारियों के संपर्क साधा और 12 फरवरी की हड़ताल को कामयाब बनाने की अपील की। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के खंड प्रधान डॉ सुरेश भारद्वाज ने कहा कि 12 फरवरी की हड़ताल किसी एक विभाग या वर्ग की नही है। यह संविधान, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जनसेवा को बचाने की निर्णायक लड़ाई है। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने कहा कि गांवों में सरकार के ऑनलाइन पोर्टल से बहुत नाराजगी है। गांव वालों को छोटे छोटे काम के लिए पोर्टल की लाइन में लगना पड़ता है। कच्चे कर्मचारियों को पक्का ना करना पड़े इसके लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कच्चा रखने का पक्का प्रबंध कर दिया है।




लोहारू। नारेबाजी करते कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

# फसलों को ठंड से बचाव के लिए प्रबंधन करना जरूरी: डॉ. फोगाट

- कृषि विभाग ने किसानों से की है कृषि वैज्ञानिक की सलाह के अनुसार दवाईयों का छिडक़ाव करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. विनोद कुमार फोगाट ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि अत्यधिक ठंड से गेहूं व सरसों आदि फसलों में कई प्रकार की बीमारियां हो जाती हैं। ठंड के प्रकोप से फसलों में आने वाली बीमारियों व नुकसान से बचाव के लिए समय रहते प्रबंधन करना जरूरी है। डॉ. फोगाट ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव विशेष रूप से गेहूं, सरसों एवं दलहनी फसलों पर अधिक होता है। लगातार कम तापमान रहने से पौधों की बढ़ोतरी रुक जाती है तथा रोगों के प्रति उनकी प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। इससे उत्पादन में गिरावट आती है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन किया जाए तो फसलों को भारी नुकसान से बचाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शीतलहर के दौरान हल्की एवं बार-बार सतही सिंचाई करना लाभकारी रहता है। इससे खेत का तापमान संतुलित बना रहता है। जहां संभव हो वहां स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली का प्रयोग कर पाले के प्रभाव को कम किया जा सकता है। उन्होंने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि रात के समय हल्की सिंचाई करने से पाले से होने वाले नुकसान में काफी हद तक कमी लाई जा सकती है।

## शहर के मकान और दुकान मालिकों में मचा हड़कंप, नपा प्रधान को सौंपा ज्ञापन

# 272 पीआईडी रद्द, नपा ने भूमि वक्फ बोर्ड को लौटाई

*नपा सचिव बोले-जो रेवेन्यू रिकार्ड लाएगा उनके नाम दोबारा पीआईडी क्रिएट कर दी जाएगी*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका ने शहर में तकरीबन 12 एकड़ भूमि की 272 पीआईडी (प्रॉपर्टी आईडी) को रद्द कर दिया है और इन पीआईडी को मकान मालिकों व दुकान मालिकों के नाम हटाकर वक्फ बोर्ड के नाम कर दिया है जिससे शहर के लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। हर कोई अपने राजनैतिक जानकार के नेताओं से तो कोई नपा कर्मचारियों, अधिकारियों से संपर्क साधने में लगा हुआ है लेकिन उनके चेहरों पर मायूसी के बादल साफ झलकते हुए दिखाई दे रहे हैं।

लेकिन सभी एकजुट होकर आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में साफ दिखाई दे रहे हैं। क्योंकि कुछ के पास पुख्ता मालिकाना हक के सबूत बताए जाते हैं। वहीं नपा प्रधान सुंदर अत्री ने कहा कि वे गलत काम नहीं होने देंगे।



**बवानीखेड़ा।** पीआईडी रद्द करने के विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए।

### पीआईडी हटाना गलत

शहरवासियों में बूटा राम, देसराज, प्रेम, रमन कुमार, सुशील, राजेन्द्र, जोगेन्द्र, हरीराम, रामप्रकाश, दयानंद, राजबीर सिंह, विक्की, संजय कुमार आदि ने पार्षद व पार्षद प्रतिनिधियों की अगुवाई में नपा प्रधान सुंदर अत्री को ज्ञापन सौंपा और बताया कि वे पिछले 60-65 वर्षों से इस स्थान पर निवास कर रहे हैं और उनकी पीआईडी बनी हुई है, बिजली-पानी कनेक्शन लगे हुए हैं, वे नगर पालिका को अपना गृह कर भी देते हैं। लेकिन उनकी पीआईडी रद्द कर दी गई है जो असहनीय है।

### रजिस्ट्रीनुमा लोगों की भी पीआईडी हुई रद्द

बताया जाता है कि पीआईडी रद्द किए गए लोगों में कुछ ऐसे भी है जिनके पक्ष में माननीय न्यायालय ने फैसला सुनाया हुआ है लेकिन उनकी पीआईडी रदद् कर दी गई है। वहीं जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पीने के पानी की पाइप लाइन, सीवरेज कनेक्शन दिए हुए हैं तो नगर पालिका द्वारा इंटरलॉक बिछवाई हुई है तो बिजली निगम द्वारा बिजली कनेक्शन जारी किए हुए है जो वर्षों से स्थापित हैं।

### 12 एकड में 272 की पीआईडी की रद्द

नपा सचिव संदीप गर्ग ने बताया कि खसरा नंबर 637, 639, 640 आदि में 12 एकड़ में 272 पीआईडी रद्द की गई है इस बारे भिवानी वक्फ बोर्ड की रिक्वेस्ट आई थी जिसके कारण इसे रद्द किया गया है। भविष्य में वक्फ बोर्ड व जो मालिक हक जता रहे हैं वे जाने।

### नपा प्रधान बोले गलत नहीं होने देंगे

वहीं नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि वे इस भूमि पर स्थापित लोगों के साथ गलत नहीं होने देंगें वे स्वयं विधायक सहित स्थानीय निकाय मंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री से मिलेंगे और समस्या का समाधान करवाने का कार्य करेंगे। अब तक वक्फ बोर्ड ने इसकी सुध नहीं ली।